मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांकः 30 सितम्बर 2014

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	30-09-14	01-10-14	02-10-14	03-10-14	04-10-14
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	36	36	35	35	35
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	24	24	23	23	22
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	1	0	1	0	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	70	64	62	58	48
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	34	32	30	27	22
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	7	8	10	11	10
हवा की दिशा	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह :

खरीफ की दलहनी व बाजरा फसल पक गई हो तो किसान भाई कटाई करके सुरक्षित स्थान पर रखें।

सरसों की बुवाई हेतु खाली पडे खेत को जुताई कर तैयार कर लें तथा आवश्यक आदानों की अग्रिम व्यवस्था कर लें। बायो–902 (पूसा जय किसान), आर.एच.–30, आर.एच–819, टी–59 (वरूणा) सरसों की उन्नत किस्मे हैं।

दुधारू मवेशी में मेस्टाइटिस रोग का प्रकोप हो सकता है। इस बीमारी में थनों में सूजन आ जाती है तथा दूध में रक्त आने लगता है। इस रोग से प्रभावित पशुओं का इलाज पशु चिकित्सक के परामर्श अनुसार करें।